## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल पर बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा

**सीतापुर।** बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ ही शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए विधायक राम कुमार टोप्पो द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग सुविधा शुरू कराई जा रही हैं। बीआरसी कार्यालय परिसर में शुरू होने वाले इस कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रतिभागी नि:शुल्क कोचिंग प्राप्त करेंगे। इस कोचिंग सेंटर में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से 50 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। चयन परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र 19 से 29 जून तक मैनपाट, सीतापुर एवं बतौली के बीइओ कार्यालय में आवेदन जमा करना पड़ेगा। इस आवेदन के साथ पंजीयन हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति भी जमा करनी होगी। जिसके बाद 1 जुलाई को शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे जिसमें 40 सामान्य ज्ञान और 10 प्रश्न तर्कशास्त्र एवं गणित के होंगे। चयन परीक्षा की औपचारिकता पूरी करने के बाद चयनित प्रतिभागियों को दिल्ली एवं अन्य राज्यों के अनुभवी एवं काबिल शिक्षकों द्वारा कोचिंग दिया जायेगा। विधायक ने कहा कि मेरा यही प्रयास है कि सबको शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो। हमारा क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र के रूप में जाना जाता है यहां के बच्चे आर्थिक अभावों के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते।

### पलटन घाट में मर गई हजारों मछलियां जहर डालने की आंशका

**अम्बिकापुर।** एक तरफ मानसून से पहले शासन प्रशासन द्वारा मछली मारने पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है तो दूसरी ओर लोग मछली मारने के लिए नदियों में ही जहर डाल रहे है। ऐसा ही एक मामला रामानुजगंज के ग्राम पलटनघाट का सामने आया है जहां अचानक ही बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि मछली मारने के लिए अज्ञात लोगों द्वारा जहर डाला गया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के पलटन घाट में मौजूद नदी में गुरुवार को बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। दुर्गन्ध के बाद जब स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो हजारों की संख्या में मछलियां मरी हुई मिली। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि पल्टन घाट की कनहर नदी में अज्ञात लोगों द्वारा मछली मारने के लिए जहर डाला गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे पलटन घाट कनहर नदी में नहाने के लिए आये थे यहां आकर देखा तो नदी में मछलियां मरी हुई है। हमारे घर के लोग यहां नहाने के लिए आते हैं पशु-पक्षी भी यहां पानी पीने आते हैं। मछुआरों ने नदी के पानी में जहर डाला है जिसके कारण मछलियां मर गई।

## निधन

### धर्मदेव मिश्र



**अम्बिकापुर।** शहर के गोधनपुर निवासी रिटायर्ड डिप्टी रेंजर एवं क्षेत्र के चर्चित वैद्य धर्मदेव मिश्र का शनिवार को निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे आजीवन आयुर्वेद एवं वनौषधियों के संधान में रत रहे। वे वैद्य कृष्ण कन्हैया मिश्र के पिता एवं निशांत कुमार मिश्रा, निखिल मिश्रा एवं मुकुंद मिश्रा के पितामह थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। उनके निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में स्नेही उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जरही-भटगांव मुख्य मार्ग पर आए दिन होती है सड़क दुर्घटनाएं

# भटगांव अस्पताल में चार एंबुलेंस फिर भी लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए लोगों के लिए एंबुलेंस की सेवा किसी वरदान से कम नहीं। घटना के बाद समय पर एंबुलेंस पहुंच जाए तो गंभीर घायलों के समय पर उपचार शुरू होने से जान बचाई जा सकती है वहीं एंबुलेंस नहीं पहुंचे तो घायल की जान भी जा सकती है। कुछ इस तरह की स्थिति भटगांव अस्पताल की है कहने के लिए तो एसईसीएल भटगांव अस्पताल परिसर में 4 एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए खड़ी रहती है लेकिन हकीकत में वे एंबुलेंस समय रहते मरीजों तक कभी पहुंच नहीं पाती जिससे सड़क दुर्घटना में घायल घटनास्थल पर ही दम तोड़ देता है या फिर घायलों को किसी अन्य सुविधा से संबंधित अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। समय पर एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**

- घायलों को निजी वाहन से कराया जाता है भर्ती

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में कर्मचारियों और उन पर आश्रित परिवारों सहित क्षेत्र में हो रहे अन्य घटनाओं में घायल व्यक्तियों को संबंधित अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एसईसीएल भटगांव सुविधा प्रदान करती है। एसईसीएल भटगांव एक बड़ी अस्पताल खोल कर रखी है जहां एसईसीएल कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों का इलाज होता है इनको समय-समय पर उन एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जाता है लेकिन वर्तमान स्थिति ऐसी है कि अस्पताल में चार एंबुलेंस होने के बावजूद भी एक भी एंबुलेंस समय पर मरीज के पास नहीं पहुंच पाती। लोगों का कहना है कि एसईसीएल भटगांव अस्पताल में कंपनी द्वारा आश्रित परिवारों सहित अन्य सुविधाओं के लिए 4 एंबुलेंस उपलब्ध कराकर रखा है लेकिन जब भी क्षेत्र में कोई दुर्घटना होती या फिर अन्य समस्याएं उत्पन्न होती इसके लिए पीड़ित मरीजों को घायल व्यक्तियों को जब अस्पताल ले जाने की बात होती है तो प्रारंभिक इलाज के लिए सबसे पहले एसईसीएल अस्पताल भटगांव को फोन करके एंबुलेंस मंगाए जाते है लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचती है। एंबुलेंस सेवा समय पर उपलब्ध नहीं होने से दुर्घटना में घायल या अन्य घटनाओं में पीड़ित व्यक्तियों की क्या हालात होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। समय पर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।



घायल को डायल 112 से ले जाते पुलिसकर्मी।

**डायल 112 घायलों के लिए बनी संजीवनी**

जरही-भटगांव सबसे व्यस्त मार्ग में एक है। मार्ग से बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित छोटी वाहन आवागमन करती है। मुख्य पर कहीं न कहीं आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है। ऐसे में लोगों द्वारा एंबुलेंस और डायल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी जाती है। एंबुलेंस तो समय पर नहीं पहुंचती लेकिन डायल 112 वाहन जरूर पहुंच जाती है जो घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाते है। ऐसे में घायलों के लिए डायल 112 वाहन किसी संजीवनी से कम नहीं।

**कई लोगों की जा चुकी है जान**

मुख्य मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। पूर्व में भी वाहन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो चुके है जिसमें से कई घायल ऐसे है जिन्हे समय पर उपचार नहीं मिलने से घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया है। कुछ दिन पूर्व ही भटगांव मुख्य मार्ग स्कूल के समीप बाइक भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गनीमत था कि समय रहते डायल 112 वाहन मौके पर पहुंच गई जिससे समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

**तीन एंबुलेंस का टेंडर हो चुका है समाप्त**

एसईसीएल अस्पताल भटगांव में फिलहाल एक ही एंबुलेंस प्राप्त है। तीन एंबुलेंस का टेंडर समाप्त हो चुका है जिसकी पुनः टेंडर की प्रक्रिया जारी है। एंबुलेंस देरी से पहुंचने का कारण जानकारी देरी से मिलने के कारण होता है जबकि जानकारी मिलते ही एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। एंबुलेंस में 3 चालक रखे गए है जो नियमित ड्यूटी समय पर गाड़ी में उपलब्ध होते है।

-डॉ. आरके सिंह स्वास्थ्य अधिकारी एसईसीएल अस्पताल भटगांव

# पिलखा क्षीर के बकायादारों द्वारा भुगतान न करने पर होगी दुकान सीलबंदी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दूध की बकाया राशि की वसूली हेतु बकायदारों द्वारा राशि का भुगतान ना किए जाने पर दूसरा नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके पश्चात भी राशि भुगतान ना होने पर बकायादारों के दुकानों को सील किया जाएगा। पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने बताया कि पिलखा क्षीर से दूध व उत्पादक पदार्थ की खरीदी उपरांत भी लाखों रुपए का बकाया राशि भुगतान ना किए जाने पर बिश्रामपुर व सिलफिली के तेरह दुकानदारों से तेरह लाख सत्तासी हजार आठ सौ चौसठ रुपए वसूली किए जाने के संबंध में पिछले दिनों नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने उपरांत कुछ बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान जल्द ही कराए जाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक राशि भुगतान नहीं कराया गया है। जिसके मद्देनजर अब 18 जून को पुनः दुबारा संबंधित बकायादारों को दूसरी नोटिस जारी की जाएगी। इसके पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान जमा नहीं किया गया, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दुकानों को सील किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

- नायब तहसीलदार पिलखा ने बकायादार डेयरी संचालक व होटल व्यवसायियों को दूसरी बार जारी किया जाएगा नोटिस
- करीब 14 लाख रुपए की बकाया राशि वसूले जाने की शासन ने दी है ज़िम्मेदारी, नायब तहसीलदारों को सौंपी गई है सूची

### गिरने से घायल ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रनपुरकला निवासी सुन्दर राम सिंह आ. कुंजल राम (40 वर्ष) एक दिन पूर्व घर के फर्श में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात वापस घर लेकर चले गए। दूसरे दिन पुनः तबीयत खराब हो जाने पर परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।




### बाइक सवार दंपती खाई में गिरे, पति की मौत

**अम्बिकापुर।** रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम बोगा निवासी धनेश्वर प्रसाद आ. राम दुलारे (40 वर्ष) सुबह 7 बजे पत्नी किस्मतिया के साथ ग्राम बेदमी दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनो कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपती ग्राम डूमरडीह के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गए। घायल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान धनेश्वर की मौत हो गई वहीं घायल पत्नी का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में प्रणव व प्राची ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में जिले के 50 बच्चों ने तीन वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विभिन्न वर्गों के लिए आयोजित हुई स्पर्धा में अंडर-13 बालक वर्ग में अभिनव निगम विजेता व अर्णव निगम उप विजेता रहे। डबल्स में अभिनव निगम व हर्षित कुशवाहा विजेता तथा आदर्श सिंह व वत्सल सिंह उप विजेता रहे। बालिका सिंगल में प्रांची अग्रवाल विजेता व प्रेरणा सिंह उप विजेता, युगल में प्रांची व अक्षिता की जोड़ी ने विजेता तथा प्रेरणा व प्रर्णिका की जोड़ी ने उप विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। अंडर-17 में प्रणव निगम विजेता तथा यश मित्तल उप विजेता। युगल में प्रणव निगम व श्रेयांश कुशवाहा विजेता तथा शुभम मुदलियार व आदित्य दुबे उप विजेता रहे। अंडर-19 में प्रणव निगम विजेता व निखिल गुप्ता उप विजेता तथा युगल में आयुष ठाकुर व निखिल गुप्ता विजेता तथा प्रणव निगम व श्रेयांश कुशवाहा उप विजेता रहे। प्रतियोगिता के संचालन में बैडमिंटन संघ के कोच सोमेश लांबा के साथ प्रसिद्ध गोस्वामी, सोनू, यश अग्रवाल व प्रणव अग्रवाल ने रेफरी के रूप में प्रतियोगिता संचालित कराई। 13 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में प्रारंभ हुई प्रतियोगिता का समापन 14 जून को हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रतिभागी खिलाड़ियों को भी संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष बांके बिहारी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रमोद तायल, हरेन्द्र सिंह, संजीत सिंह, विजय हथगेन, प्रो.रहंगडाले के साथ बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी सक्रिय थे। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल व सचिव संदीप अग्रवाल ने बताया कि बैडमिंटन संघ द्वारा आगामी माह में संभाग स्तरीय टूर्नामेंट की तैयारियां की जा रही है, जिसमें जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले की टीमें हिस्सा लेंगी।




























### प्राचीन दुल्ही तालाब में गंगा पूजन और महाआरती आज

**सूरजपुर।** मोक्षदायिनी मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा के पावन पर्व पर 16 जून को पंच मंदिर स्थित दुलही तालाब में इस वर्ष भी गंगा पूजन व महाआरती का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर तालाब परिसर की साफ सफाई के साथ व्यापक तैयारियां की जा चुकी है। पूर्व में यहां गंगा दशहरा का पर्व भव्यता के साथ मनाया जाता था। नगर के बड़का पारा मोहल्ला स्थित छठ तालाब में इस मौके पर सप्ताह भर भव्य मेला का आयोजन होता था। ग्रामीण क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग यहां अपनी धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते थे लेकिन धीरे धीरे परंपरा पर आधुनिकता का ऐसा रंग चढ़ा की लोग गंगा दशहरा का पर्व मनाना ही लगभग भूल गए और गंगा दशहरा पर लगने वाला भव्य मेला व शहर के हर गली मोहल्लों से गुजरते हुए ग्रामीणों द्वारा गाये जाने वाले परंपरागत गीतों की गूंज आधुनिकता के इस युग मे गुम हो गई। गुम होती गंगा दशहरा की इस परंपरा को जीवंत परंपरा के रूप में स्थापित करने के लिए विगत 3 वर्षों से सरोवर धरोहर समिति ने बीड़ा उठाया है।


















हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
राजेश मल्लिक (गुड्डू)
कोषाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मेंहदी हसन, प्रबंधक
सहकारी समिति कल्याणपुर

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
इंद्रेस जायसवाल प्रबंधक
कंदरई

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
जियन सिंह प्रबंधक
सहकारी समिति बकिरमा

हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कवल साय सिंह
सरपंच
ग्राम पंचायत सेंदरी


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनमोहन सिंह, पटवारी
हल्का नं.7, मेहगई क्षेत्र


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामचंद्र प्रजापति
रेंजर वन विभाग परिक्षेत्र रामानुज नगर


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संत सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
सूरजपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
किशन देवांगन
मंडल अध्यक्ष
भाजयुमो शहर मंडल सूरजपुर


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
भूलन सिंह मरावी
विधायक
प्रेमनगर क्षेत्र क्रमांक 04


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राम कुमारी टेकाम
ग्राम पंचायत महंगई


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
जनार्दन सिंह
खान प्रबंधक
गायत्री भूमिगत परियोजना
एसईसीएल क्षेत्र बिश्रामपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
के के भोई
खान प्रबंधक
ओपन कास्ट परियोजना आमगांव


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
जयशंकर गुप्ता
कांग्रेसी नेता,
तारकेश्वरपुर प्रेमनगर



हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वां
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास
24 वर्ष

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
मिथलेश जायसवाल
हरिभूमि प्रतिनिधि, महंगई


15 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 6/15/2024 10:25 PM Page 1



# शिवनंदनपुर मटन मार्केट की बाउंड्रीवॉल पेयजल सुविधा हेतु भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ इतवारी बाजार में वर्षों से संचालित है मटन मार्केट



मटन मार्केट को अन्यत्र स्थापित किए जाने हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया उपरांत बाउंड्रीवाल व पेयजल सुविधा हेतु प्रस्ताव पंचायत द्वारा जिला पंचायत में भेज दिया गया है। प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत कार्य को जल्द पूर्ण कराए जाने की बात कही जा रही है। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के साप्ताहिक इतवारी मार्केट में वर्षों से संचालित मटन मार्केट को अन्यत्र संचालित कराए जाने की मांग पर पहल शुरू कर दी गई है। इसके लिए अब मटन मार्केट को नगर के प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे शिफ़्ट कराए जाने की बात कही जा रही है। इसके लिए पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी द्वारा पिछले दिनों मटन व्यवसायियों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे मटन मार्केट को शिप्ट कराए जाने से पहले ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा करीब दस लाख रुपए का एस्टिमेट तैयार करके जिला पंचायत सूरजपुर भेजा गया है। जिला पंचायत से एस्टिमेट के आधार पर राशि स्वीकृत होने उपरांत प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे बाउंड्रीवॉल कराते हुए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराए जाने की पहल की जाएगी। ज्ञात हो कि मटन मार्केट को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा संडे मार्केट में गंदगी व दुर्गंध की शिकायत की गई थी, जिस पर पहल करते हुए अब मटन मार्केट को अन्यत्र शिफ़्ट करते हुए संचालन कराए जाने की पहल की जा रही है। दूसरी तरफ़ मटन व्यवसायियों द्वारा इस पर अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी है। मटन मार्केट को अन्यत्र शिफ़्ट कराए जाने हेतु पिछले दिनों अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम द्वारा स्थल चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने बताया कि जिला पंचायत से एस्टिमेट के आधार पर राशि स्वीकृत होने उपरांत जल्द ही कार्य को पूर्ण कराकर मटन मार्केट को प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे शिफ़्ट कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## युवक ने अपने ही घर को किया आग के हवाले, सामान जलकर हुए खाक

रामानुजनगर। युवक ने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। आगजनी से घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ग्राम छिंदिया निवासी महाकाल के पुत्र जय सिंह ने अपने ही घर को आग लगा दिया। आग लगते से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। भीषण गर्मी कारण देखते ही देखते पूरे घर में आग फैल गई जिससे घर में रखा सामान जल कर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि जय सिंह द्वारा लगभग 2 बजे अपने मकान में आग लगा दिया गया। आग लगने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र हो गए जिससे अफरा तफरी मच गया। घर एक दूसरे से सटे होने के कारण कई घरों में आग फैलने का खतरा बढ़ गया था। इधर लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन काफी देर हो गई जिसे घर में रखा सामान जलकर बर्बाद हो गया।










## रेणुका नदी तट पर आज मनेगा गंगा दशहरा, होगी गंगा आरती

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर अलग अलग स्थानों पर विविध अनुष्ठान किए जाएंगे। रेणुका नदी के तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर आज से अखंड शिव पंचाक्षरी हवन शुरू कर दी गई है। ग्राम पंचायत कुरुवा में तत्पर एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी बिश्रामपुर के तत्वाधान में शनिवार 15 जून की रात दस बजे अखंड शिव पंचाक्षरी हवन प्रारंभ किया गया। कल 16 जून रविवार की प्रातः पांच बजे से दस बजे तक गंगा दशहरा के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्राभिषेक, पार्थिव शिव लिंग पूजा व शिव पंचाक्षरी हवन उपरांत गंगा आरती की जाएगी। इसके पश्चात शाम पांच बजे से सात बजे तक मां गंगा पूजा, ग्यारह सौ दीपदान व मां गंगा आरती पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक उपाध्याय ने बताया कि उक्त अनुष्ठान रेणुका नदी के तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर वर्ष 2018 से अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

### गायत्री जयंती पर होंगे विविध अनुष्ठान

गौरीशंकर मंदिर के समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 16 जून रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर कई अनुष्ठान किए जायेंगे।यहां पर आज 15 जून शनिवार को प्रातः 7 बजे से 24 घण्टे का अखण्ड जाप कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही 16 जून की सुबह 8 बजे से हवन-यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात संध्या बेला में 6 बजे से महा दीपयज्ञ के तहत 11 हजार दीपक प्रज्वलित की जाएगी।

